**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–27 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लखनऊ के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आइएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास। कहा– कभी बिमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।।
- पन्द्रह जुलाई से शुरू होंगी सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की कम्पार्टमेंट परीक्षाएं।
- प्रदेश में एक से सात जुलाई तक चलेगा पौधरोपण अभियान। प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने कहा– इस बार पैंतीस करोड़ पौधे लगाने का है लक्ष्य।

**********

लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर एक्सिओम–फोर मिशन कल शाम करीब चार बजे आई.एस.एस. पहुंचा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक वेबकास्ट में अपने सफर का ब्यौरा साझा किया।

***नमस्कार, एक छोटा सा संदेश मेरे सारे देशवासियों के लिए। एक महीने क्वारंटीन में रहने के बाद कल हम लोग लॉन्चपैड–39 से लॉन्च हुए। इस समय स्पेस में बहुत प्राउड फील कर रहा हूं। ये भारत के ह्युमेंस बेस प्रोग्राम भी, एक छोटा सा स्टेप और एक बहुत सॉलिड और स्टडी स्टेप है। उस डायरेक्शन में जिस तरफ हम जा रहे हैं, गगनयान जैसे मिशन को लेके। तो मैं चाहता हूं कि आप सब मेरी इस जर्नी का हिस्सा बनें। साथ ही उतना ही प्राउड फील करें जितना मैं फील कर रहा हूं। बिकोज ये हमारी एस्पीरेशन को दर्शाता है कि हम किस तरफ जाना चाहते हैं।***

लखनऊ में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के स्कूल में उनके परिवारजनों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. डॉकिंग का सजीव प्रसारण देखा। इस मौके पर शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि हम भगवान के शुक्रगुजार है कि डॉकिंग सफलतापूर्वक हुई। हमें विश्वास है कि शुभांशु अपने काम में सफलता जरूर हासिल करेगा।

***सफल लैंडिंग हो गयी है ये तो बहुत गर्व की बात है उनको तो बहुत खुशी हो रही है। सफलता का श्रेय हम अपने बच्चे को ही देंगे उसका खुद का श्रेय है उसमें उसकी कड़ी मेहनत और निष्ठा उसकी काम के प्रति लगन जो है उसने उसको इतना ऊंचाईयों के पहुँचाया है।***

इस मौके पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु के पिता शंभुदयाल शुक्ला ने कहा कि यह अत्यन्त गर्व का क्षण है और हम भगवान के प्रति कृतज्ञ हैं।

***ये बहुत ही अहम पड़ाव था उसके लिए उसने मेहनत करके जो भी सक्सेस प्राप्त की है उसके लिए हम बहुत खुश है और बच्चे पर गर्व है हमें बच्चा बोल्ड है हम लोग भी है मगर स्कूल ने बहुत कुछ दिया उसे।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफलतापूर्वक अतंर्राष्ट्रीय अतंरिक्ष स्टेशन पहुंचने पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित मिशन सहयोगियों को बधाई दी है। उन्होंने इस सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान में भारत वैश्विक शक्ति के तौर पर उभरा है।

लखनऊ में जन्मे शुक्ला, 1984 में राकेश शर्मा की उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। यह ऐतिहासिक मिशन अमरीका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में 14 दिनों के वैज्ञानिक अभियान के लिए ले गया है, जो लो– अर्थ ऑर्बिट–एलईओ में है, और जिसे हार्मनी मॉड्यूल के अंतरिक्ष के सामने वाले पोर्ट से डॉक किया गया है।

एक्सिओम–4 मिशन न सिर्फ एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है। यह अंतरिक्ष नवाचार का नेतृत्व करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और वैश्विक मिशनों में सार्थक योगदान देने की देश की क्षमता का परिचायक है। शुभांशु शुक्ला भोजन और अंतरिक्ष पोषण से संबंधित उन्नत प्रयोग करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड–सीईएल में ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की तस्वीर अब पूरी तरह से बदल चुकी है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाल उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।

***उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया आज उसका परिणाम आया है कि हम उत्तर प्रदेश के अंदर छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में हमें मदद मिली। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में हमें मदद मिली है। पर कैपिटल इनकम को हमें उत्तर प्रदेश के अंदर ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में मदद मिली। एक बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का हो, रेलवे का हो, मेट्रो का हो, वाटर वे का हो। इसको देने में भी हमें सफलता प्राप्त हुई।***

श्री योगी ने कहा कि यूपी को आठ साल में पचास लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से पन्द्रह लाख करोड़ के निवेश से उत्पादन भी शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि सीईएल का यह डाटा सेंटर विकसित भारत के साथ विकसित प्रदेश के संकल्प का अहम हिस्सा होगा। समारोह में केन्द्रीय विज्ञान और तकनीकी राज्य मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने कहा कि डाटा सेंटर की स्थापना से प्रदेश में नवाचार और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस डाटा सेंटर की क्षमता 30 मेगावाट की होगी और हाईडेंट सिटी रैंक पर आधारित होगी।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं के छात्रों के लिये कम्पार्टमेंट परीक्षा–दो हजार पचीस का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कम्पार्टमेंट परीक्षाएं पन्द्रह जुलाई से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षाओं के लिये अलग–अलग तारीख तय की गयी है लेकिन बारहवीं की सभी विषयों की परीक्षायें एक ही दिन में होंगी। दसवीं की पन्द्रह जुलाई को आईटी और एआई की परीक्षा होगी, सोलह जुलाई को गणित, सत्रह को विभिन्न भाषा विषयों, अट्ठारह को विज्ञान, उन्नीस को अंग्रेजी, इक्कीस को सामाजिक विज्ञान और बाइस जुलाई को हिन्दी की परीक्षा होगी।

**********

प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने कहा कि एक से सात जुलाई तक चलने वाले वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान इस बार पूरे प्रदेश में पैंतीस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। श्री सक्सेना ने कल गोरखपुर में वनाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में यह जानकारी देते हुए कहा कि जो भी पौधे लगाये जायेंगे, उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करायी जायेगी। एक रिपोर्ट–

***वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि पूरा प्रदेश हरा–भरा हो। उन्होंने कहा कि इस समय चल रहे विकास कार्यों की वजह से जितने पेड़ कट रहे हैं, हर वर्ष उससे दोगुना पौधे लगाये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सिर्फ पौधे लगाये ही न जायें, उसे सुरक्षित भी रखा जाय। श्री सक्सेना ने कहा कि प्रमुख सचिव वन को जिम्मेदारी सौंपी गयी है कि वे समय–समय पर सम्बन्धित विभागों से पौधों की रिपोर्ट लेंगे। यदि किसी विभाग की लापरवाही मिलती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को ख़ारिज किया है। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री गडकरी ने कहा कि दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं, जो ठीक नही है।

**********

आज माहे मोहर्रम की पहली तारीख है। इसे लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मोहर्रम के दौरान किसी भी तरह की नई परम्परा पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि छः जुलाई तक चलने वाले मोहर्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी जुलूस को नये रास्तों की अनुमति न दी जाय। पूर्व में जिन रास्तों से जुलूस निकलता आया है, वहीं से उसकी अनुमति दी जाय। पुलिस महानिदेशक ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि थाने पर उपलब्ध त्योहार रजिस्टर का भी अध्ययन कर लिया जाय। समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में चेकिंग बढ़ा दी जाय, जुलूसों की वीडियोग्राफी करायी जाय और ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाय।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ पश्चिमी क्षेत्रों में आज गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। उधर, विभिन्न क्षेत्रों में रूक–रूक कर हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर कल प्रदेश के सभी जिलों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित सम्बन्धित विभागों ने संयुक्त मॉक ड्रिल कर बाढ़ बचाओ की तैयारियां जांची।

**********